**दिनांक 06.10.2023 को उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार की अध्यक्षता में सम्पन्न जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) के न्यास परिषद की बैठक की कार्यवाही :–**

*उपस्थिति– पंजी के अनुसार।*

सर्वप्रथम उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार के द्वारा सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गई।

1. उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार के द्वारा बैठक में उपस्थित सदस्यों को दिनांक 04.10.2023 को प्रबंधकीय समिति से अनुमोदित प्रस्तावों की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया गया। तदुपरान्त प्रभारी पदाधिकारी, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार के द्वारा वित्तीय वर्ष 2023–24 में संचालित विभिन्न योजनाओं को संक्षिप्त रूप से अवगत कराया गया।

2. प्रभारी पदाधिकारी, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार के द्वारा बताया गया कि जिले में वित्तीय वर्ष 2016–2017 से अब तक विभिन्न प्रक्षेत्र के कुल 854 योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान किया गया है जिनमे से विभिन्न एजेंसिओ के द्वारा 697 योजनाओ को पूर्ण करा लिया गया है शेष योजनाओं का कार्य प्रगति पर हैं।

   सदन द्वारा सर्वसम्मति से लंबित योजनाओं का कार्य शीघ्र पूर्ण कराने का निर्णय लिया गया।

   **(अनुपालन : प्रभारी पदाधिकारी, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार)**

3. बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा समीक्षोपरान्त वैसे जनोपयोगी एवं महत्वपूर्ण योजनाएं जिनका प्रस्ताव एक से अधिक प्रखण्डों के पंचायतों से प्राप्त हुआ है, वैसी योजनाओं को विस्तारित करते हुए आवश्यकता अनुसार अन्य प्रखण्डों में भी क्रियान्वित कराने पर सदन द्वारा सर्वसम्मति से सहमति प्रदान की गई।

   **(अनुपालन : प्रभारी पदाधिकारी, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार)**

4. "जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट" (DMFT) की न्यास परिषद की बैठक में चर्चा के क्रम में खनन प्रभावित क्षेत्रों के प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित व्यक्तियों की सूची ग्रामवार/पंचायतवार/प्रखण्डवार PMKKKY के दिशा–निर्देशों के अनुसार तैयार कराने एवं DMFT लातेहार की वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए लातेहार की प्रबंधकीय समिति द्वारा प्रस्तावित एवं अनुमोदित विभिन्न प्रक्षेत्र के सभी 1210 प्रस्तावों को न्यास परिषद के सदस्यों के द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान किया गया। जिसकी विवरणी निम्नवत है :–

| Priority | Category as per PMKKKY | No. of Proposals |
|---|---|---|
| High Priority | Drinking water | 11 |
| | Education | 533 |
| | Environment preservation and pollution control measures | 15 |
| | Health care | 96 |
| | Sanitation | 44 |
| | Skill development & Livelihood | 124 |
| | welfare of aged and disabled | 2 |
| | Welfare of Women and Children | 124 |
| Other Priority | Energy and watershed development | 21 |
| | Irrigation | 10 |
| | Physical infrastructure | 230 |
| **Total** | | **1210** |

(अनुलग्नक 'क' द्रष्टव्य)

**(अनुपालन : प्रभारी पदाधिकारी, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार)**

5. माननीय विधायक मनिका विधानसभा क्षेत्र द्वारा जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट मद से पूर्व में स्वीकृत एवं क्रियान्वित योजनाओं में अवशेष राशि का भुगतान लम्बित रहने के कारण संवेदकों को हो रही कठिनाई की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए भुगतान शीघ्र कराये जाने का अनुरोध किया गया।

   सदन द्वारा सर्वसम्मति से उक्त के संदर्भ में नियमानुसार अग्रेतर कार्रवाई करने का

निर्णय लिया गया।

(अनुपालन : प्रभारी पदाधिकारी, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार)

6. माननीय विधायक लातेहार विधानसभा क्षेत्र द्वारा बताया गया कि वैश्विक महामारी कोविड–19 के समय लातेहार जिले की भौगोलिक स्थिति तथा वामपंथी उग्रवाद को ध्यान में रखते हुए जल संरक्षण, सिंचाई की सुविधा तथा मत्स्य पालन हेतु कतिपय तालाबों का निर्माण/जीर्णोद्धार कराया गया था जिनका अवशेष राशि का पूर्ण भुगतान नहीं हुआ है। माननीय विधायक द्वारा उक्त योजनाओं का नियमानुसार भुगतान करने का अनुरोध किया गया।

सदन द्वारा सर्वसम्मति से उक्त के आलोक में डी0एम0एफ0टी0 से जुड़े दिशानिर्देशों तथा समय–समय पर सरकार/विभाग द्वारा निर्गत पत्रों के आलोक में नियमानुसार अग्रेतर कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया।

(अनुपालन : प्रभारी पदाधिकारी, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार)

7. माननीय विधायक लातेहार विधानसभा क्षेत्र द्वारा बताया गया कि बालूमाथ प्रखण्ड के शेरेगड़ा पंचायत अन्तर्गत कालीकरण पथ के स्थान पर पी0सी0सी0 पथ का निर्माण किया गया है। उक्त योजनाओं का प्राक्कलन पी0सी0सी0 का ही है, अन्य दस्तावेजों में कालीकरण अंकित होने के कारण भुगतान लम्बित है। माननीय विधायक द्वारा उक्त योजनाओं का नियमानुसार भुगतान करने का अनुरोध किया गया।

सदन द्वारा सर्वसम्मति से उक्त के आलोक में प्राक्कलन के अनुसार किये गए कार्यों के भुगतान नियमानुसार करने हेतु अनुमोदित किया गया।

(अनुपालन : प्रभारी पदाधिकारी, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार)

8. माननीय विधायक, लातेहार/मनिका, आरक्षी अधीक्षक, लातेहार, वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार तथा सदन के अन्य सम्मानित सदस्यों के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में जनउपयोगी एवं आवश्यक योजनाओं को क्रियान्वित कराने का अनुरोध किया गया।(अनुलग्नक 'ख' द्रष्टव्य)

सदन द्वारा सर्वसम्मति से उक्त योजनाओ को अनुमोदित किया गया तथा PMKKKY के प्रावधानानुसार क्रियान्वित की जाने वाली योजनाओं का ग्राम सभा से प्रस्ताव प्राप्त करते हुए नियमानुसार अग्रेतर कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया।

(अनुपालन : प्रभारी पदाधिकारी, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार)

*सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।*

06/10/23 — 06/10/2023 — 06/10/23 — 6/10

| | | |
|---|---|---|
| प्रभारी पदाधिकारी,<br>डी0एम0एफ0टी0, लातेहार। | उप विकास आयुक्त–सह–सदस्य सचिव,<br>डी0एम0एफ0टी0, लातेहार। | उपायुक्त–सह–अध्यक्ष,<br>डी0एम0एफ0टी0, लातेहार। |

ज्ञापांक 373 /डी0एम0एफ0टी0 दिनांक 06 / 10 / 2023

**प्रतिलिपि :–** डी0एम0एफ0टी0 न्यास परिषद के सभी सदस्यों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपि :–** सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, लातेहार जिला/ सभी अंचल अधिकारी, लातेहार जिला/ अनुमण्डल पदाधिकारी, लातेहार/महुआडांड / सभी कार्यकारी एजेंसी, लातेहार जिला को सूचनार्थ एवं आवश्यक कायार्थ प्रेषित।

06/10/23 — 06/10/2023 — 06/10/23 — 6/10

| | | |
|---|---|---|
| प्रभारी पदाधिकारी,<br>डी0एम0एफ0टी0, लातेहार। | उप विकास आयुक्त–सह–सदस्य सचिव,<br>डी0एम0एफ0टी0, लातेहार। | उपायुक्त–सह–अध्यक्ष,<br>डी0एम0एफ0टी0, लातेहार। |